13-JAN-AMBIKAPUR -pg-1-JACKET_Layout 1 1/13/2024 8:06 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]




13 Ambikapur-BHOOMI-pg 2-0_Layout 1 1/13/2024 10:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास जल्द पूर्ण करने दी गई हिदायत

**भटगांव।** विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत राई के पंचायत सचिव देवनारायण राजवाड़े व सरपंच दुर्गा सिंह पैकरा की उपस्थिति में हितग्राहियों के घर-घर पहुंच अधूरे प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर चर्चा की गई तथा नए पीएम आवास निर्माण जल्द प्रारंभ करने कहा गया। ग्राम पंचायत में 25 पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं हितग्राहियों के खाता में 25 हजार की किश्त जमा कर दी गई है। अधूरे निर्माण के लिए हितग्राहियों को नोटिस देकर जल्द कार्य पूर्ण करने की चेतावनी दी गई।

### 7 दिवसीय भागवत कथा का समापन

**भटगांव।** हनुमान मंदिर में वृंदावन के व्यास पं. विपिन द्ववेदी द्वारा पिछले सात दिनों से चल रही भागवत कथा का समापन शनिवार को किया गया। अंतिम दिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नपं अध्यक्ष सूरज गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, प्रिंस श्रीवास्तव, रोहित सिंह, सच्चिदानंद सिंह, मनोज, चंदन, जेपी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## निधन

### फूल कुमारी गुप्ता

**प्रतापपुर।** नगर के व्यवसायी दीनानाथ गुप्ता एवं ओम प्रकाश गुप्ता की माता फूल कुमारी गुप्ता का 90



वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमारी थी और देर रात अंतिम सांस ली। फूल कुमार नगर के व्यवसाय व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता की दादी थी। वे अपने पीछे नाती नितेश गुप्ता, विकास गुप्ता, समलेश गुप्ता, सुमित गुप्ता व राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र गुप्ता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार बाकी नदी तट पर किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित नगर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

टोली बनाकर एक दूसरे के गांव में देते हैं प्रस्तुति

# ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह, शैला नृत्य की धूम



नृत्य करते नर्तकदल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में डंडा सैला नृत्य की धूम मची है। खेती किसानी का काम समाप्त हो जाने पर ग्रामीण मनोरंजन के लिए एक दूसरे के गांव में टोली में पहुंच मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते है। परंपरानुसार ग्रामीण गांव में पहुंचे टोली को धान, चावल एवं यथासंभव राशि देकर सम्मानित करते है। इस तरह के आयोजन से गांव में उत्साह का माहौल हैं। जिले में शैला नृत्य की अपनी ही अलग पहचान है जो गांव में साल में एक ही बार जब खेती-किसानी का कार्य पूरा हो जाने के बाद किसान उत्साह में टोली बनाकर कर एक दूसरे के गांव में जानकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देते है। इन दिनो भी गांव में शैला नृत्य की धूम है। शैला डंडा नृत्य समारोह पारंपरिक तौर तरीकों से कई गांव के किसान आस्था तथा ग्रामीणों के मनोरंजन को गतिशीलता प्रदान करते हुए आकर्षण साज-सज्जा एवं उत्साह के साथ शैला नृत्य प्रस्तुत करते है। टोली में बटे ग्रामीण एक गांव में तो दूसरे गांव के लोग उनके गांव में आकर प्रेम पूर्वक नाच-गान करते है जिससे किसानों के बीच भाईचारा बना रहे। शैला नृत्य की तैयारी ग्रामीण कई दिनों से करते है जिसके बाद पूरी साज-सज्जा एवं गीतो की सुमधुर आवाज के साथ लोगों का मनोरंजन किया जाता है। घर के सामने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले शैला नृत्य टोली को ग्रामीणों द्वारा चावल, धान एवं यथासंभव राशि देकर सम्मानित किया जाता है। इन दिनों धान विक्रय के साथ वर्ष में एक बार की जाने वाली शैला नृत्य की अलग पहचान है जिसे गांव के किसान परंपरानुसार बखूबी निभा रहे है। भाईचारे तथा एकता का प्रतीक माना जाने वाला यह उत्सव परंपराओं की एक कड़ी है जिसके माध्यम से एकरूपता तथा भाईचारे का संदेश देते हुए पूरे गांव को मनोरंजन कर आम आदमी की समृद्धि के लिए अपने गीतों के माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना की जाती है।

**खास बात**

- ग्रामीण टोली को करते है यथा संभव मदद

### ग्रामीण शैला नर्तक दल को धान व चावल देकर करते है सम्मानित



**रामानुजनगर।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में शैला नर्तक दल द्वारा धान की फसल कटाई मिसाई के बाद आसपास के गांव में घर-घर जा कर शैला नृत्य की प्रस्तुति दे रहे है। नृत्य करने के बदले में घर वालों द्वारा नर्तक दल को मोरा, डेलवा में भरकर धान और चावल देते हैं। यह सिलसिला शैला टीम द्वारा लगभग महीने भर चल रहा है। सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा, प्रेम को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से यह नृत्य खेला जाता है। शैला नृत्य को सीखने के लिए महीनों लग जाते है। गांव के एक स्थान पर रात को भोजन के बाद लगभग दो से तीन घंटे तक सीखते हैं जिसके बाद आसपास के गांव में सैला नृत्य करने के लिए जाते हैं। पहले गांव के सभी प्रमुख देव स्थानों में जाकर पूजा अर्चना कर शैला नृत्य का शुरुआत करते हैं जिसके बाद दूसरे गांव में शैला खेलने के लिए जाते हैं। नर्तक दल जिस गांव जाते हैं उस गांव के प्रमुख बैगा पुजारी के घर से शैला नृत्य प्रारंभ करते हैं,और रात को उसी गांव ठहरते हैं। गांव के सभी लोग शैला दल एक-एक व्यक्ति को भोजन कराते हैं। शैला नृत्य के अंतिम दिन दल अपने गांव के सभी देवस्थानों में पूजा पाठ कर समाप्त करते हैं। पूरे गांव एक स्थान पर भोजन करते हैं जिस जिस गांव में शैला खेलने गए थे वहां के लोगों को भी भोज के लिए आमंत्रित करते है।

### पंचायत स्तर पर मिले प्रोत्साहित

गांव के शैला नृत्य टोली समिति के कलाकार पंचायत स्तर पर प्रोत्साहित किसी प्रकार की सहायता नहीं की जाती। ऐसे में समिति को छोटी मोटी आवश्यकताओं की पूर्ति टीम के सदस्यों द्वारा खुद ही राशि की व्यवस्था करनी पड़ती है। जिले के कई गांव में शैला नृत्य के लिए मूलभूत सुविधा नहीं होने पर अब ग्रामीणों का इस ओर रूझान कम हो गया है। ऐसे में पंचायत से ऐसे कलाकारों को प्रोत्साहित करने व छोटी मोटी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ग्राम पंचायत के मूलभूत मद से सहयोग की जाए तो कलाकारों का मनोबल बढ़ेगा साथ ग्रामीण क्षेत्र में परंपरा पूर्व की भांति जीवित रहेगी।



## दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूक कर रही पॉलीटेक्निक की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय पॉलीटेक्निक के अधिकारी-कर्मचारी दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को शासकीय पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग द्वारा संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों के प्रति लगातार जागरूक कर रहे है। जानकारी के अभाव में दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में अध्यनरत बच्चें तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मेघावी बच्चे तकनीकी पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपने भविष्य को संवार सकें इसलिए शासकीय पॉलीटेक्निक द्वारा उन्हें पाठ्यक्रमों से अवगत कराया जा रहा है। प्राचार्य आरजे पाण्डेय ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को शासकीय पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थानों द्वारा संचालित पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया एवं रोजगार की संभावनाओं की जानकारी नहीं होती जिससे प्रतिभाशाली बच्चे तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते है। तकनीकी शिक्षा संचनालय के निर्देश पर संस्थान द्वारा सभी विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कार्यशाला आयोजित कर बच्चों की तकनीकी पाठ्यक्रमों की उपयोगिता एवं महत्व, रोजगार की संभावनाओं एवं प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों की शंकाओं का भी समाधान किया जा रहा है। संस्था द्वारा कार्यशाला के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग सात टीमें गठित की गई है। टीम के अधिकारी-कर्मचारी विभिन्न विद्यालयों में प्राचार्य की सहमति से कार्यशाला आयोजित कर हाई एवं हायर सेकेण्ड्री के बच्चों को पावर पाइंट प्रेजेंटेशन एवं पंपलेट्स के माध्यम से तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तार से अवगत करा उन्हें प्रवेश लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। टीम में शैक्षणिक प्रभारी देवांश प्रसाद, श्रीमती पूजा, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ.आरती चौबे, ज्योति, अमित कुमार, प्रतीक जायसवाल, सुश्री पल्लवी वर्मा, श्रीमती धातृ वर्मा, श्रीमती कांति तिर्की, श्रीमती माधुरी तिग्गा, श्रीमती चंद्रकला साहू, सूरज सिंह आदि को शामिल किया गया है।

## छत्तीसगढ़ का अग्रणी ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल अब अम्बिकापुर में भी

**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल का शुभारंभ शिक्षा की उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ अम्बिकापुर में शुरू किया गया है। इसमें वर्ष 2024-25 सत्र के लिए प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का पंजीकरण किया जा रहा है। स्कूल कैम्पस वसुंधरा ग्रीन वैली के पास लाल माटी, रायगढ़ रोड, अम्बिकापुर में स्थित है। पंजीकरण के लिए सिटी आफिस नं. 27, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा, इन फ्रंट ऑफ़ नगर निगम ऑफिस, केदारपुर, अंबिकापुर में संपर्क किया जा सकता है। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की पहचान उच्च स्तरीय शिक्षा, बच्चों का संपूर्ण विकास, संस्कार, अनुशासन के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में स्थापित है। शिक्षा के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और उच्च शिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा सांस्कृतिक, खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

- एस्ट्रोटर्फ सहित सम्पूर्ण खेल सुविधाएं उपलब्ध

**एजुकेशन प्लस**



अम्बिकापुर स्थित विद्यालयों में बच्चों के लिए खेल मैदान सुविधाओं की कमी स्पष्ट दिखती है। इस कमी को दूर करने ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान, खेल सामग्री सहित यहां बिछाए गए एस्ट्रोटर्फ राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए उपयुक्त है। सीबीएसई बोर्ड के परिणामों में विद्यार्थियों की कुछ गौरवशाली उपलब्धियों में मास्टर संजय ध्रुव ने सीबीएससी 2023 बोर्ड में 95% तथा जेईई में एआईआर में 8वां रैंक प्राप्त किया। इसी प्रकार नीट व जेईई के सफल विद्यार्थियों में कृष्णा खटुजा, पलक कौशिक, श्लोक झा ने गौरवशाली उपलब्धि प्राप्त की।

वसुंधरा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की प्रमुख विशेषताओं में एनईपी 2020 से जुड़े सीबीएसई के पाठ्यक्रम 3 वर्ष से 13 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं (कक्षा 7 तक) प्रवेश विश्वस्तरीय व अत्याधुनिक टेक्नालाजी का स्कूल कैम्पस, प्रत्येक क्लास में केवल 20:1 स्टूडेंट्स व टीचर का अनुपात, प्रशिक्षित व शिक्षित टीचर्स जो देश के विभिन्न स्थानों के है, विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु केम्पस में सीसीटीवी कैमरे एवं राष्ट्रस्तर की खेल-कूद सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में कराया गया आसनों का अभ्यास

**अम्बिकापुर।** युवा दिवस के अवसर पर पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र मैनपाट में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आसन, सूर्य नमस्कार , प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा खान-पान व योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस दौरान हरिद्वार के स्वामी नरेंद्रदेव, स्वामी विप्र देव, योग शिक्षक कमलेश योगी, शैलेन्द्र, नरसिंह यादव, मुकेश, पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, बालगोविन्द गुप्ता एवं प्रशिक्षु आरक्षक उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर रकसगंडा में लगेगा दो दिवसीय मेला

**बिहारपुर।** मकर संक्रांति के मौके पर क्षेत्र के पर्यटन स्थल पर रकसगंडा जल प्रपात पर मेला का आयोजन किया जाएगा। दो दिनों तक लगने वाले मेला में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। रकसगंडा-जलप्रपात जिला मुख्यालय सूरजपुर से 110 किमी की दूरी पर स्थित है। जलप्रपात के नीचे स्थित कुंड की गहराई काफी अधिक है और इसमें 100 मीटर लंबी सुरंग भी मौजूद है। ऊंचाई से गिरते झरने को देखने के लिए दूर-दूर से सैलानी पहुंचते हैं। मकर संक्रांति के मौके पर 14 व 15 जनवरी को जल प्रपात के समीप मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, बिहार, झारखण्ड व अन्य राज्यों से सैलानी पहुंचते है।



हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह, शैला नृत्य की धूम



## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर कुमेली वाटर फॉल में मेला आज

**रामानुजनगर।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुमेली वाटर फाल में कुमेली सेवा समिति के तत्वाधान में विगत कई वर्षों से मकर संक्रांति के दिन भव्य मेला आयोजन किया जा रहा है। कुमेली वाटर सेवा समिति के अध्यक्ष लालकेश्वर सिंह सरुता, सरपंच परशुरामपुर ने बताया कि मेला के शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी मुख्य अतिथि उपस्थिति में होगा। मेला के आयोजन हेतु समिति द्वारा व्यापक तैयारी कर ली गई है। मेला में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। मेला स्थल दुकानों आबंटन कर दिया गया है और वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। लोगों के मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। स्थानीय लोक नृत्य करमा, सुगा,शैला का भी आयोजन किया गया है।

### चंद्र प्रताप सिंह ने सिविल जज परीक्षा में हासिल की सफलता

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को जारी किए गए सिविल जज के परीक्षा परिणाम में जिले के चंद्र प्रताप सिंह ने भी सफलता हासिल की है।



चंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा में 46 वां स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि श्री सिंह ने बिलाईगढ़ सारंगगढ़ में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए पहले प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की है। जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलका निवासी चंद्र प्रताप सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव से हासिल की जबकि हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा राजनांदगांव के इंडियन पब्लिक स्कूल से हासिल की। चंद्र प्रताप सिंह ने बिलासपुर में एलएलएम की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए थे। उन्होंने अपने कठिन परिश्रम से पहले प्रयास में ही सीजी पीएससी से सहायक लोक अभियोजन की परीक्षा में सफलता हासिल की थी और यही से उन्होंने जज बनने का निश्चय किया व सहायक लोक अभियोजक के रूप में कार्य करते हुए चंद्र प्रताप सिंह ने सिविल जज के लिए परीक्षा दी और अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता भी हासिल की है। चंद्र प्रताप सिंह के पिता स्व. कृष्ण अवतार सिंह उद्योग शिक्षक थे और उनका निधन 2003 में ही हो गया था। पिता के निधन उपरान्त मां श्रीमती सुशीला पैकरा ने अपने तीन बच्चों को संघर्ष के साथ पाला और आज चंद्र प्रताप सिंह ने उनके सपनों को साकार कर दिखाया है।

### आलू अनुसंधान केन्द्र में घुसे हाथी, फसल को किया तबाह



**अम्बिकापुर।** बीती रात मैनपाट में सक्रिय हाथियों का दल आलू अनुसंधान केन्द्र में घुस गया तथा लगभग एक एकड़ में लगी आलू की फसल को तबाह कर दिया। मैनपाट के सीमावर्ती जंगल में सक्रिय 9 हाथियों का दल लम्बे समय से आबादी क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है तथा पिछले कुछ दिनों से बरिमा जंगल में अपना ठिकाना बनाया है। बीती रात हाथियों का दल आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण कर रहा था। इस दौरान दल के दो हाथी अनुसंधान केन्द्र के घेराव को तोड़कर भीतर घुस गए बीज उत्पादन व अनुसंधान के लिए लगाई गई आलू की फसल को तबाह कर दिए। हाथियों ने एक एकड़ की फसल को तबाह कर दी है। फसल को तबाह करने के बाद हाथियों ने घेराव के खम्बों को तोड़कर बाहर निकले। अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रताप राठिया ने बताया कि केन्द्र में हर साल बीज उत्पादन एवं अनुसंधान कार्य के लिए आलू का उत्पादन किया जाता है। हाथियो ने लगभग एक एकड़ में लगी फसल को नष्ट कर दिया है।

## राशि नहीं मिली तो लोनिवि ने निरस्त किया ठेकेदारों का अनुबंध

# पांच सालों में नहीं बन सका एसजीजीयू का प्रशासनिक भवन व यूटीडी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राशि के अभाव में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण खटाई में पड़ गया है। समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण लोनिवि ने टेंडर को निरस्त कर दिया है तथा विवि को संशोधित प्राक्कलन भेज कर अतिरिक्त राशि की मांग की है। तत्काल आवंटन उपलब्ध होने पर कुछ महीनों बाद निर्माण फिर से शुरू होने की संभावना है लेकिन भवन निर्माण को लेकर विवि के अधिकारियों की लापरवाही को देखते हुए फिलहाल कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

**खास बातें**

- अधूरे भवनों के लिए की 40 .57 करोड़ की मांग
- आवंटन जारी होने के बाद होगा अधूरे भवनों के निर्माण के लिए होगा रिटेंडर
- वर्षों पूर्व पूर्ण हो चुके भवन हुए अनुपयोगी

वर्ष 2008 में सरगुजा विवि का गठन होने के बाद से ही प्रशासनिक भवन एवं यूटीडी का संचालन उधार के अलग-अलग भवनों में हो रहा है। प्रशासन द्वारा विवि के लिए शहर से 14 किमी दूर ग्राम पंचायत भकुरा की पहाड़ियों के बीच भूमि आवंटित की गई है। पूर्व में विवि प्रबंधन आवंटित भूमि का घेराव व पौधरोपण करने एवं परिसर तक आवागमन के लिए सड़क निर्माण पर करोड़ो रूपए खर्च कर चुका है। शासन द्वारा पहली बार वर्ष 2017-18 में केन्द्र सरकार के उच्च शिक्षा अभियान रूसा एवं प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अलग-अलग भवनों के निर्माण हेतु राशि जारी की गई तो विवि ने लोनिवि को राशि प्रदान की। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोनिवि ने अलग-अलग ठेकेदारों से भवनों का निर्माण शुरू कराया। भवन निर्माण के लिए एक साल की समय सीमा निर्धारित की गई थी लेकिन 5 साल का लम्बा समय ⏭ शेष पेज 4 पर



निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन।

### इन भवनों की स्वीकृति

केन्द्र शासन द्वारा रूसा मद से विवि को प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए 8.11 करोड़, यूटीडी भवन के लिए 8.15 करोड़, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 20 आवास के लिए 32 लाख, जलागार के लिए 1.20 करोड़, मुख्य द्वार के लिए 1.20 करोड़, बालक छात्रावास के लिए 2.53 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा पहली बार 14 करोड़ की राशि आवंटित की गई थी। इसी तरह उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रेस्ट हाउस निर्माण के लिए 1.37 करोड़, लाइब्रेरी के लिए 4.19 करोड़, ऑडोटोरियम के लिए 5.99 करोड़, कुलपति आवास के लिए 61 लाख एवं कुल सचिव आवास के लिए 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन द्वारा वर्ष 2016-17 में 20.23 करोड़ का आवंटन जारी किया गया था। इसके बाद दोबारा निर्माण की दूसरी किश्त अब तक नहीं मिली है।

### लोनिवि ने मांगा 40.57 करोड़

लोक निर्माण विभाग ने विवि प्रबंधन को अधूरे भवनों का संशोधित डीपीआर प्रेषित कर 40 करोड़ 57 लाख की मांग की है। विभाग ने उच्च शिक्षा अभियान रूसा मद के अधूरे महत्वपूर्ण भवनों के निर्माण के लिए 14 करोड़ एवं उच्च शिक्षा विभाग के भवनों के लिए 26 करोड़ 57 लाख रूपए की मांग की। शासन द्वारा राशि जारी करने के लिए विभाग सभी अधूरे भवनों का फिर से टेंडर कराएगा तो निर्माण प्रारम्भ होगा। निर्माण सामग्रियों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है लेकिन शासन द्वारा अभी नए दर की स्वीकृति नहीं दी गई है। आवंटन में विलंब होने पर लागत बढ़ने की भी संभावना है। परिसर की उबड़-खाबड़ जमीन, पानी की अनुपलब्धता एवं आवागमन की असुविधा भी निर्माण में बड़ी बाधा है।

### निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति

निर्माण शुरू होने के बाद से राज्य शासन एवं विवि के अधिकारी निर्माणाधीन परिसर के निरीक्षण की खानापूर्ति करते रहे हैं लेकिन किसी ने भी निर्माण बाधित होने के कारणों का निराकरण करने का प्रयास नहीं किया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी परिसर का निरीक्षण कर वाहवाही लूटते रहे। विवि के अधिकारियों ने न तो कभी निर्माण के प्रगति की समीक्षा की न ही कभी कारगर पहल । विवि प्रबंधन पिछले दो साल से अधूरे भवन में कार्यालय स्थानान्तरित करने की घोषणा भी कर रहा है लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आ सका। पूर्व में यूटीलिटी बिल्डिंग में फार्मेसी विभाग संचालित करने का प्रयोग भी किया गया लेकिन चोरी की कई घटनाएं घटित होने एवं विद्यार्थियों के भारी विरोध के बाद अंततः फार्मेसी विभाग को लखनपुर स्थानांतरित किया गया। अब अधूरे भवनों का निर्माण कब शुरू होगा इस संबंध में अधिकारी कुछ भी बताने से बच रहे हैं।

### की गई है राशि की मांग

समय पर आवंटन नहीं मिलने के कारण ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है तथा विवि प्रबंधन को संशोधित प्राक्कलन देकर राशि की मांग की गई है। आवंटन मिलते ही निर्माण तत्काल प्रारम्भ किया जाएगा। लागत राशि में वृद्धि होने की संभावना नहीं है।

-**वीके सिंह बेदिया**, ईई, लोनिवि

### शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

लोनिवि से समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध कराने के कारण शासन द्वारा आवंटन जारी नहीं किया गया है। लोनिवि से उपयोगिता प्रमाण पत्र लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

विनोद कुमार एक्का
कुलसचिव, एसजीजीयू

## तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज

### शामिल होंगे सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारम्भ रविवार को किया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इस दौरान सीएम कन्या विवाह में 400 जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। सीएम के आगमन व तातापानी महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महोत्सव दौरान बॉलीवुड व भोजपुरी कलाकारों की प्रस्तुति होगी। बता दें कि तातापानी में इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए कलेक्टर आर एक्का, जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सीएम श्री साय रविवार की सुबह 11 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 12 बजे तातापानी स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद वे कार द्वारा शिव मंदिर के लिए प्रस्थान कर कलश यात्रा में शामिल होंगे। सीएम तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना उपरान्त शिव प्रतिमा का अवलोकन करने के साथ ही बच्चों संग पतंग उड़ाएंगे। वहीं सीएम कार्यक्रम के दौरान 400 नव दम्पतियों को आशीर्वाद देने के बाद हितग्राही मुलक योजनाओं का निरीक्षण करेंगे व मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम दोपहर ढाई बजे हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। सीएम के आगमन व तातापानी महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को कलेक्टर आर एक्का, जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील व एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



- 400 नव विवाहित दम्पतियों को देंगे आशीर्वाद, महादेव मंदिर में करेंगे पूजा अर्चना

### इन कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

तातापानी महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गायक सुनील सोनी एवं टीम के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर प्रतिभागी अबुझमाड़ मलखंब टीम के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 15 जनवरी को बॉलीवुड के फेमस गायक उदित नारायण के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 16 जनवरी को जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा तथा पण्डो को तातापानी भ्रमण कार्यक्रम एवं सम्मेलन आयोजित कर मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही महोत्सव के समापन अवसर में भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल निरहुआ अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आखिरी दिवस सभी आयु वर्ग में प्रतिभागी ट्राइबल फैशन वॉक से स्थानीय कला व संस्कृति की झलक प्रदर्शित करेंगे।

# 775 लीटर अवैध शराब पुलिस ने किया जब्त

## 190 लोगों पर आबकारी एक्ट व 40 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के गृह मंत्री के निर्देश के बाद सरगुजा में अवैध शराब बिक्री व नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। सरगुजा में आईजी के निर्देश पर जिलों में की गई कार्रवाई के दौरान 775 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत 190 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा चुका है। बता दें कि सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश के डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। गृहमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी आईजी व एसपी की बैठक लेकर अवैध शराब बिक्री व कोचियों पर नशीले पदार्थों के परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का सख्त निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में आईजी अंकित गर्ग ने रेंज के सभी एसपी को अपना सूचना तंत्र मजबूत करने के साथ ही नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ आबकारी व एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई करने कहा था। आईजी के निर्देश पर रेंज में अभियान चलाकर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत कुल 23 प्रकरणों में 26 आरोपियों से 350 लीटर अवैध शराब तथा धारा 34 (1)( ए) के तहत कार्रवाई करते हुए 135 प्रकरणों में 164 व्यक्तियों से 425 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। इसी प्रकार कुल 158 प्रकरणों में 190 व्यक्तियों से 775 लीटर देशी/ विदेशी अवैध शराब जप्त कर गिरफ्तारी की जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके उपरांत क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले एवं संज्ञेय अपराध घटित करने के अंदेशा पर 40 अनावेदकों के विरुद्ध धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। रेंज स्तर पर पृथक से बाउंड ओवर की कार्रवाई भी कराई गई।

### दुकान में अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहा युवक पकड़ाया

दुकान के आड़ में अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से तीन पेटी शराब जब्त किया है। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागीय आबकारी उपायुक्त विजय सेन शर्मा ने आबकारी उड़नदस्ता टीम को अभी से ही शराब माफियाओं पर नजर रखने एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश का परिपालन करते हुए उड़नदस्ता की टीम लगातार शहर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गश्त कर कार्रवाई करने में जुटी है। इसी क्रम में आज गश्त के दौरान उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना सूचना मिली कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम अड़ची निवासी भानु राजवाड़े अपने दुकान में मध्य प्रदेश राज्य का शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने भानु राजवाड़े के दुकान में दबिश दिया। टीम ने भानु राजवाड़े के दुकान की तलाशी में तीन पेटी मध्य प्रदेश राज्य की 150 नग मात्र 27 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) 34(2)36 एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, आरक्षक रामाधार कुशवाहा, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी, ममता तथा आबकारी स्टाफ उसल खुंटे, नीरज चौहान सक्रिय थे। आबकारी उड़नदस्ता टीम की बाहरी राज्य के अवैध शराब विक्रेताओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है एक महीने में यह चौथी कारवाई है।




# फूल व प्राकृतिक सामग्रियों से निर्मित जेवर पहनकर युवतियां करेंगी रैम्प वॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदिवासी संस्कृति व सभ्यता को बढ़वा देने के लिए जिले में पहली बार एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिलाएं व युवतियां जंगलों में मिलने वाली फूल पत्तियों व आदिवासियों द्वारा निर्मित गहनों को पहनकर रैंप वॉक करेंगी। नारी शसक्तीकरण की दिशा में उठाए गए इस कदम के माध्यम से आयोजन समिति द्वारा गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास भी किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति व सभ्यता को आज के आधुनिक मंच पर पेश करना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

- आदिवासी संस्कृति व फैशन को बढ़वा देने पहली बार हो रहा आयोजन

आयोजन को लेकर ब्यूटीशियन व समिति की श्रीमती रानी गुप्ता ने बताया कि 15 जनवरी को नारी शसक्तीकरण के महाकुम्भ के रूप में छत्तीसगढ़ ब्राइडल शो व सम्मान समारोह का आयोजन राजमोहिनी देवी भवन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि महिलाएं व युवतियां प्राकृतिक रूप से मिलने वाली सम्पदाओं फूल, पत्तियों व अन्य सामग्रियों से बने गहनों को पहनकर रैम्प वॉक करेंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी आदिवासी अंचल गहनों व पारम्परिक आभूषणों को फैशन इंडस्ट्रीज तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी हैं। हमारा रिकार्ड इस बात का होगा की जिस तरह से छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी जंगलों में रहते हुए प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करके जीवन यापन करते हैं उन चीजों को हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे जितने भी ब्राइडल हैं वो कुछ ना कुछ ट्राइब्स की ज्वेलरी कोई भी फूल पत्तियों से बनी ज्वेलरी पहनकर रैंप वॉक करेंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाली हस्तियों व स्थानीय प्रतिभाओं को भी सरगुजिहा कोहिनूर के खिताब से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। पहली बार हो रहे इस तरह के आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।



## कोचियों से मिलकर अवैध धान खपाने की थी योजना, प्रशासनिक टीम ने की कार्रवाई

# राइस मिल व गोदाम से 56 लाख से अधिक का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में अवैध रूप से धान भण्डारण को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने थोक व्यापारियों व ट्रेडर्स के यहां छापामार कार्रवाई करते हुए 2591 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त किए गए धान की कीमत 56 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। खास बात यह है कि कोचियों ने समितियों में की जा रही कार्रवाई से बचने के लिए नया पैतरा अपनाया है और राइस मिलर से मिलीभगत कर अपना अवैध धान खपाने का प्रयास कर रहे है लेकिन इस कार्रवाई से उनके मंसूबों पर पानी फिर गया है। इस कार्रवाई से कोचियों व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि धान खरीदी कार्य के दौरान कोचियों का अवैध धान खपाने से रोकने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य, मंडी व सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा समय समय पर मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देश पर टीम टीम द्वारा सक्षम फूड इंडस्ट्री महामाया राइस, इंडस्ट्रीज मित्तल राइस प्रोडक्ट, अमन फ्लोर गोयल इंडस्ट्रीज राइस मिल एवं सौम्या ट्रेडर्स राम अनुग्रह उपाध्याय थोक अनाज विक्रेता के यहां छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा राइस मिलर व व्यवसायियों के यहां से मंडी अधिनियम के तहत 2591 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त किए गए धान की कीमत 56 लाख 56 हज़ार रुपए बताई जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वाले कोंचीयो व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। राइस मिलर के यहां भारी मात्रा में अवैध धान मिलने से एक बड़े सांठगांठ का भी खुलासा हुआ है। राइस मिलर कोचियों के साथ मिलकर धान की हेराफेरी कर रहे थे। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन और अफरा-तफरी करने वाले कोंचीयो व बिचौलियों पर सख्ती करने के साथ ही जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में भी लगातार कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कार्रवाई में खाद्य अधिकारी विजय किरण, सहायक खाद्य अधिकारी संदीप भगत, खाद्य निरीक्षक नीतीश कुमार, उप पंजीयक जीएस शर्मा, सहकारिता निरीक्षक अभिषेक सोनी, मंडी सचिव रामधनी भगत, दीपक कुमार आदि शामिल थे।



## शीत लहर की चपेट में बलरामपुर: रात का तापमान पहुंचा 4.9 डिग्री सेल्सियस

**अम्बिकापुर।** लम्बे अंतराल के बाद लगातार उत्तर की बर्फीली हवाएं चलने से बलरामपुर-रामानुजगंज जिला शीत लहर की चपेट में है। मौसम विज्ञानी अभी दो-तीन दिनों तक ठंड के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। लम्बे अंतराल के बाद उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह शुरू होने से पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को पूरे दिन उत्तर की हवाएं चलने के कारण शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट के साथ 7.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था वही शनिवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है जो सामान्य तापमान से लगभग 4.0 डिग्री नीचे है। न्यूनतम तापमान में 48 घंटे के भीतर 7.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरावट होने के कारण कनकनी वाली ठंड पड़ रही है। हाल तक मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने के कारण मामूली ठंड पड़ रही थी। अचानक ठंड बढ़ने के कारण लोग धूप निकलने पर घर से बाहर निकल रहे हैं वही शाम होते ही सड़के सूनी हो जा रही है। शाम में बाजार की चहल-पहल भी कम हो गई है। वर्तमान में ठंड का सर्वाधिक असर बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। न्यूनतम तापमान में सामान्य से 4.0 डिग्री से अधिक की गिरावट होने के कारण ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिले के पठारी क्षेत्र सामरी पाट व लहसून पाट में ठंड से लोगों का बुरा हाल है। शाम ढलते ही क्षेत्रवासी ठंड से राहत के लिए घर-घर अलाव जला रहे हैं। सुबह कई स्थानों पर पाला का असर देखा गया। मौसम विज्ञानी न्यूनतम तापमान में 1-1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ ही रविवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में शीतलहर का प्रकोप शुरू होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पर्दे पर दिखेगी माइकल जैकसन की कहानी, आ रही बायोपिक



**लॉस एंजेलिस।** अपनी गायकी और डांस से पूरी दुनिया को दीवाना बना देने वाले माइकल जैक्सन की कहानी जल्द ही पर्दे पर नजर आने वाली है। पॉप किंग की बायोपिक पर इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार फिल्म का निर्माण 22 जनवरी को शुरू होने वाला है। इस फिल्म का निर्देशन एंटोनी फूक्वा करेंगे। यह प्रोजेक्ट लायंसगेट द्वारा समर्थित है। जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन फिल्म में लीड भूमिका निभाएंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स के पास जापान को छोड़कर फिल्म के अंतर्राष्ट्रीय अधिकार हैं। ग्राहम किंग जॉन ब्रैंका और जॉन मैकक्लेन के साथ निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की पटकथा जॉन लोगन ने लिखी है। इससे पहले वे ग्लेडिएटर और द एविएटर जैसी फिल्में लिख चुके हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक यह फिल्म जैक्सन के जीवन के सभी पहलुओं को कवर करेगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि निर्माता दिवंगत संगीत आइकन से जुड़े विवादों को कैसे दिखाएंगे। बायोपिक उनकी संपत्ति के संयोजन में बनाई जा रही है, जिसने बच्चों के यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ उनका बचाव किया था। माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त, 1958 को गैरी, इंडियाना (शिकागो, इलिनोइस में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में हुआ था।

जोसेफ वाल्टर रजोर और कैथरीन एस्थर (नी स्क्रूज) के नौ बच्चों में वे सातवे नंबर पर थे।

### छॉलीवुड

## करन की "भागमानी"छा गई यू-ट्यूब पर, लाखों ने देखा



**रायपुर।** यूट्यूब चैनल पर छत्तीसगढिया स्टार करन खान व दीपिका सिंह अभिनीत, निर्माता विकास खंडायित मेहर व छत्तीसगढ़ के जाने माने निर्देशक नितेश लहरी की शार्ट फ़ल्मि "भागमानी" सुर्खियां बटोर रही है। नया चैनल और कम सब्सक्राइबर होने के बाद भी धीमी शुरुवात करते हुए "भागमानी" ने अपनी रफ्तार पकड़ी और वर्तमान में लाखों व्यू के साथ ही चैनल के टॉप पर पहुंच गई है। "भागमानी" को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और लगातार इसके व्यूज बढ़ते ही जा रहे हैं।"भागमानी" के निर्माता विकास खंडायित मेहर व निर्देशक नितेश लहरी ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए दर्शकों को इस असीम प्यार के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिन्होंने भागमानी नही देखी है उन्हें फ़ल्मि देखने की अपील की है। भागमानी के कहानीकार व निर्माता विकास खंडायित मेहर, पटकथा-संवाद व निर्देशन – नितेश लहरी, छायांकन – राजू देवदास, संपादन – नारायण यादव, पोस्ट प्रोडक्शन – अभिषेक म्यूजिक वर्ल्ड, प्रोडक्शन डिज़ाइनर – अमरनाथ पाठक, गायक -अनुराग शर्मा, नृत्य – राम यादव, रूपसज्जा – रज्जु, वेशभूषा – लवकुमार, एक्शन – आनंद साहू और सहनिर्देशक – राजेन्द्र देवांगन हैं। प्रमुख कलाकार करन खान, दीपिका सिंह, रवि शर्मा, प्रमिला रात्रे, राजेश पांडिया, हेमंत निषाद, मिलन सिंगौर, लव कुमार महानंद, माही साहू, आनंद साहू, नोखु सिंगौर, नंदू साहू व अन्य हैं।

### भोजपुरी

## निरहुआ ने काजल राघवानी संग किया रोमांस, भाया भोजपुरी गीत



**पटना।** यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। इस बीच निरहुआ का एक गाना काफी पॉपुलर हो रहा है जिसमें काजल राघवानी के साथ उनका रोमांस देखने को मिल रहा है। ये फिल्म 'पटना से पाकिस्तान' है, जिसका गाना आज भी दर्शकों को खूब पसंद आता है। यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। खेसारी लाल यादव, पवन सिंह से लेकर आम्रपाली दुबे जैसे एक्टर्स के गानों को लोग देखना खूब पसंद करते हैं। इसी राह में भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार निरहुआ का गाना काफी वायरल हो रहा है। जो कि उन्हीं की भोजपुरी फिल्म से है। दिनेश लाल यादव यह गाना 'हम हई पिया जी पतरी तिरीयवा' लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा है। इस गाने के विजुअल्स की बात करें तो निरहुआ और काजल राघवानी काफी अट्रैक्टिव लुक में दिख रहे हैं। गेंदों के फूल और दोनों का शानदार डांस का मिश्रण गजब है। गाने के विजुअल्स की तरह कोरियोग्राफी भी शानदार है और गाने के बोल भी। यही वजह है कि आज भी इस गाने को इतना पसंद किया जा रहा है।'पतरी तिरीयवा' गाने को कल्पना और दिने लाल यादव ने ही गाया है। जिसके बोल भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर लिरिसिस्ट प्यारे लाल यादव ने लिखे हैं। वहीं डायरेक्टर संतोष मिश्रा हैं। 'पटना से पाकिस्तान' गाने की बात करें तो इसमें निरहुआ और काजल राघवानी के अलावा आम्रपाली दुबे, सुशील दुबे और अशोक समर्थ नजर आए। 'पटना से पाकिस्तान' फिल्म के बारे में बात करें तो ये साल 2015 में रिलीज हुई थी। निरहुआ की इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

लाइफ



फैशन की लाली

फैशन नगरी पेरिस में इन दिनों लाल का जादू छाया हुआ है। केंडल जेनर ने पेरिस में शिआपरेल्ली के स्प्रिंग-समर 2024 शो को लाल ऐक्रेलिक नकली नाखूनों से बनी पोशाक के साथ पेश किया है। लेकिन जेनर एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो लाल के प्यार की गिरफ्त में है। फैशन की दुनिया की जानी-मानी मॉडल यहां एक साथ लाल रंग में रंगी नजर आई तो दुनिया भर के कैमरे उनकी तरफ घूम गए। हालांकि यह क्रांति नहीं लेकिन एक ट्रेंड तो है।

## बालों के लिए बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं। प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे। लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है। ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। इसी के चलते बालों में प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है। लकड़ी की कंघी में कई प्रकार के नेचुरल एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं,।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है। सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है, और यदि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कभी-कभी परिवर्तन नहीं करते हैं, तो यह एक मिस्टेक हो सकती है।सही मॉइस्चराइजर का चयन न करना भी एक आम मिस्टेक हो सकता है। आपकी स्किन को मॉइस्चराइजर की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में आपकी स्किन टाइप के अनुसार सही मॉइस्चराइजर का चयन करना काफी महत्वपूर्ण है।

## गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स





अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।

### ऐसे बनाएं ब्रेड

अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बन बनाने के लिए

पतले बालों में आप बन बनाने के लिए आप डोनट स्टफिंग का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपके बालों में बनाया बन काफी खूबसूरत नजर आएगा।

साथ ही इसे आकर्षक बनाने के लिए आप ताजे गजरे का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल

फैशन



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।





**हील्स वाले बूट्स:** अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

**ऐसे कैरी करें थाई बूट्स :** शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

**एंकल बूट्स:** आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

**टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक:** आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

## स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो सेलेब्स से लें आइडिया

हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है। सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।



### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

### येलो सनग्लास

चश्मों की बिक्री उनके लुक के आधार पर होती है। ग्लास का कलर देखकर अधिकतर चश्मों की खरीदारी करते हैं। येलो कलर के सनग्लास को पहनने वालों की संख्या काफी अधिक है। इस तरह के चश्मों से क्लासी लुक मिलता है। जैसे यहां पर देखिए सुनील ग्रोवर कितने कमाल के दिख रहे हैं।

### राउंड सनग्लास

राउंड या ओवल साइज सनग्लास भी लड़कों के चेहरे पर अच्छे लगते हैं। इस बात को आप यहां पर तस्वीर देखकर समझ सकते हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी का यह चश्मा काफी अच्छा लगता है। इस तरह के चश्मे हल्के होते हैं। इसलिए इनको पहनना सही होता है।

### वेफेरर्स - चश्मे

वेफेरर्स - चश्मे को भी काफी लड़के पसंद करते हैं। इस तरह के चश्मों को खूब पसंद किया जाता है। साथ ही इस तरह के सनग्लास को कहीं भी पहनकर निकल सकते हैं। शाहिद कपूर वेफेरर्स - चश्मे में काफी अच्छे लगते हैं।

इनकी अधिकतर फोटो वेफेरर्स - चश्मे में है।

## कार्नर न्यूज

## शादी की शेरवानी खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान

*हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए। आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं।*



## शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनियां के साथ लोगों को भी भाए

### क्या पहन सकते हैं

अगर ज्यादा ठंड का मौसम है तो आप सूट को भी चुन सकते हैं, लेकिन शेरवानी शादी के दिन सबसे खास दिखती है। ऐसे में कोशिश करें कि अपनी शादी के दिन शेरवानी का ही चयन करें।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

अगर आप रेडीमेड शेरवानी खरीद रहे हैं तो उसे अच्छे से पहनकर देख लें। कई बार पायजामी का कपड़ा इतना ज्यादा कड़क होता है, कि उसे पहनकर बैठे रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि शेरवानी का फैब्रिक ऐसा हो जिसमें आपको उलझन ना होने पाए।

### फिटिंग का रखें ध्यान

आपका शेरवानी ना तो ज्यादा टाइट होनी चाहिए और ना ही ढीली। अगर शेरवानी ज्यादा टाइट होगी तो इसे पहनकर बैठे रहना काफी मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये ज्यादा ढीली होगी तो आपका लुक भी बिगड़ सकता है। ऐसे में शेरवानी की फिटिंग एक दम परफेक्ट ही कराएं।

### रंग का रखें ध्यान

वैसे तो आजकल पेस्टल रंग काफी ज्यादा चलन में हैं, लेकिन कई घरों में दूल्हा और दुल्हन को हल्के रंगों से दूर रखते हैं। ऐसे में आप गोल्डन-सिल्वर, गोल्ड-ब्लैक, गोल्डन-औरेंज, रेड-गोल्डन रंगों को चुन सकते हैं।



## विधार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर लगाई गई प्रदर्शनी

# युवा दिवस पर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में किए गए विविध कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर में संचालित शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर युवा महोत्सव मनाया गया जिस के अंतर्गत साफ सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी स्कूली बच्चों को जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी लगाई साथ ही फ़ूड पार्क का भी आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ,जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल, एस ई सी एल प्रबंधन के संजय सिंह, प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, गौरीशंकर पांडेय व अन्य स्टाफ की उपस्थिति रहे।

**खास बात**

- फ़ूड पार्क का भी हुआ आयोजन

## युवा दिवस पर युवक ने थैलेसीमिया पीड़ित मासूम को किया रक्तदान



**रामानुजगंज।** युवा दिवस के मौके पर आज रामानुजगंज निवासी उज्जवल तिवारी ने थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित मासूम बच्चे को रक्तदान किया साथ ही दूसरे युवाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उज्जवल तिवारी को रक्तदान सेवा समिति के ग्रूप के माध्यम से जानकारी मिली कि बसेरा गांव के सुमंत यादव को ब्लड की जरूरत है और उसके बच्चे का हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया है। उज्जवल तिवारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर मासूम बच्चे को रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया है।

## हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल द्वारा स्वामी विवेकानंद के जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश भर में युवा दिवस के अवसर पर युवा के उत्साह वर्धन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजन किए गए। इसी तारतम्य में भाजयुमो मंडल द्वारा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशरफ़ी यादव के नेतृत्व में शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, योग गायन, रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं द्वारा विकशित भारत के विषय पर वक्तब्य दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण केसरी, प्राचार्य बीआर सोनवानी, अनोज यादव, उमेश सिंह गहरवार, आकाश तिवारी, सिद्धान्त यादव, अरविंद यादव, शुभम गुप्ता, अमित सिंह, आशीष सिंह, जगदीश यादव, महेश सिंह, प्रिंस सिंह सहित युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देश के विकास में योगदान दें युवा



**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर घड़ी चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मिशन के सदस्यों ने विवेकानंद के विचारों से युवाओं को अवगत होने एवं उन्हें राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान सुरेन्द्र गुप्ता, ब्रम्हाशंकर सिंह, रणविजय सिंह तोमर, जयप्रकाश चौबे, हरिशंकर सिंह, द्वारिका प्रसाद तिवारी, त्रिलोचन यादव, अशोक सोनकर, प्रकाश कश्यप आदि उपस्थित थे।

## युवा दिवस पर योग-प्रणायाम की दी गई जानकारी



स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में डाइट मैदान में योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन , योग धर्म से राष्ट्र अराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक कमलेश योगी ने योग विज्ञान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग से जीवन का रूपांतरण कैसे होता है। योग से स्वयं के साथ ब्रह्मांड की सारी शक्तियां जुड़ जाती है। व्यक्ति पूर्ण आयु को प्राप्त कर असमय बीमारी से मुक्ति मिलती है। योग से शरीर की समस्त ऊर्जा शक्ति जागृत होती हैं एवं देह देवालय बन जाता है। कार्यक्रम में योग -प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान, योग के सूक्ष्म व विराट स्वरूप में कार्य करने के तरीकों एवं उसके महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान प्राचार्य शशि सिंह, लक्ष्मी सिंह, मीना शुक्ला, अर्चना सिन्हा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## विवेकानंद जयंती पर महाविद्यालय विविध कार्यक्रम



**रनहत।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विकसित भारत अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्रभारी प्रोफेसर विवेक सिंह आयम एवं वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन परमेश्वर व सभी अतिथि व्याख्याता और कॉलेज की समस्त छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। विवेक सिंह आयम द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए विवेकानंद का जीवन परिचय बताते हुए कहा कि युवा देश का अमूल्य धरोहर है। युवा ही इस देश का नींव है और युवा ही देश का भविष्य है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वामी के विचार और आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करने एवं आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। अतिथि व्याख्याता प्रवीण कुमार द्वारा स्वामी विवेकानंद के संघर्षों का विस्तार पूर्वक परिचय देते हुए छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया। डॉ. सुनीता द्वारा विकसित भारत के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण,गीत आदि प्रकार की क्रियाकलाप करते हुए स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव मनाया गया। अतिथि व्याख्याता शकील खान द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सैनिक स्कूल में चंद्रयान -3 सक्सेस स्टोरी समारोह

अम्बिकापुर। सैनिक स्कूल में चंद्रयान-3 सक्सेस स्टोरी समारोह अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य कर्नल मिताली मधुमिता, सेना मेडल ने बताया कि सैनिक स्कूल द्वारा वर्ष पर्यंत चलने वाले इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित सूची के अनुसार अब तक चित्रकला प्रतियोगिता, स्पेसक्राफ्ट , मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम प्रभारी सौरभ जैन ने बताया कि 13 जनवरी को रन फॉर द मून के तहत सैनिक स्कूल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कैडेटों ने 2.5 किमी की दौड़ लगाई। कैडेटो ने इस दौरान सैनिक स्कूल परिसर का चक्कर लगाते हुए सभी को चंद्रयान -3 के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

HEART CENTER
KEEPS YOUR HEART BEATING!
DEPARTMENT OF CARDIOLOGY
जीवन ज्योति हॉस्पिटल में प्रदेश के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ ओ.पी.डी. सेवाएं हेतु उपलब्ध।
हृदय से जुड़ी समस्याओं के इलाज के लिए आज ही संपर्क करें
डॉ चेतन चतुर्वेदी
MD GENERAL MEDICINE
DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY
EX. CARDIOLOGIST-
EX. FORTIS ESCORTS HEART INSTITUTE,NEW DELHI
EX. LLRM MEDICAL COLLEGE, MEERUT
EX. AIIMS, RAIPUR
उपलब्ध सुविधायें :
• इको कार्डियोग्राफी
• पेसमेकर का आरोपण
• डिवाइस क्लोजर
• अवलेशन
• एंजियोग्राफी
• आई.सी.डी (ICD)
• एंजियोप्लास्टी
• सी.आर.टी (CRT) इम्प्लांटेशन
• पेरीफेरल वैस्कुलर इंटरवेंशन
एंजियोग्राफी केवल 3000* में
एंजियोप्लास्टी केवल 70000* में (सिंगल स्टेंट)
एंजियोप्लास्टी केवल 90000* में (डबल स्टेंट)
* शर्तें लागू
मो. 6261177373, 9343608291, 9343608293
पता : जीवन ज्योति हॉस्पिटल ट्रॉमा एंड स्पाइन सेंटर, नया बस स्टैंड के पास, दर्रीपारा, रिंग रोड अंबिकापुर



सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथा रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. अनिल कुमार यादव
डॉ. गौरव त्रिपाठी
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/ अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
दिनांक-14 जनवरी, 2024
दिन रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
9179454786, 9753214959

लेज़र मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी , 2024
07774-221101, 9407910331, 9488142243

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
(O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुषमा अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल निवासी आकाशवाणी रोड नवापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा मुख्तार आम राहुल अग्रवाल आ. स्व. राजेन्द्र अग्रवाल निवासी संगम चौक अम्बिकापुर के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 151/231 रकबा 0.017 हे. भूमि को अनावेदक चंचल अग्रवाल पति प्रवीण कुमार अग्रवाल निवासी हाउस नंबर 86, टाईम आउट सीनेमा के पीछे रामनिवासी कॉलोनी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 32,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26/02/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-07/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 13.01.2024 से 04.02.2024
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
दिनांक - 14.01.2024 रविवार
डॉ.तुषार जैन
MBBS, MD (पल्मोनरी मेडिसीन)
डॉ. नरेश देवांगन
MBBS, MS, MCH Neurosurgeon (Brain & Spine Surgery)
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

Health Town
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर- 9406004581
बिलासपुर- 7869048102
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4 L5 नसों में दबाव, स्लिपडिस्क, सर्वाइकल
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का सम्पूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप



### फाइनेंस विषय पर विवेक को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**अम्बिकापुर।** शहर के विवेक सिंह को आर्ट यूनिवर्सिटी फ़रीदाबाद द्वारा फाइनेंस विषय पर पीएचडी डिग्री प्रदान किया गया । विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवल पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ सीपी यादव तथा तमिलनाडु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विश्वरंजन शर्मा के हाथों यह डिग्री प्रदान किया गया। विवेक ने बहुत की कम डॉक्यूमेंटेन के साथ फाइनेंस की विधियों तथा मार्केटिंग के प्रकारों पर अपना शोध पत्र पढ़ा। साथ ही इस विधि को डॉ राणाप्रताप बजाज की किताब में भी जगह दी गई है। फरीदाबाद में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में सभी विषयों में अव्वल रहने वाले छात्रों को गोल्ड मैडल भी प्रदान किया गया।

### वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**बलरामपुर।** अंश कम्प्यूटर शैक्षणिक संस्थान द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एनके देवांगन व आत्मानंद हिंदी विद्यालय के प्राचार्य सीएस गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं के बीच भाषण व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई इसके साथ ही बच्चों ने एकल व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि आधुनिक युग में कम्प्यूटर शिक्षा का विशेष महत्व है। आज के समय में कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक हो गया है। संचालक ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी प्रदान किया। इस दौरान संचालक चंदन गुप्ता, विशाल सोनी, दिलीप सिंह, दीपांकर हालदार के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

### डीएवी स्कूल के बच्चों को हरीतिमा उद्यान का कराया शैक्षणिक भ्रमण



**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातू में पक्ष एकलेजी से पांचवीं तक के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूल के सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के तहत बच्चों को हरीतिमा उद्यान का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल, वायु, मिट्टी, वनस्पतियों, जीव-जंतु आदि के बारे में रोचक ढंग से जानकारी प्रदान की गई और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने बॉल पासिंग गेम, डांस, म्यूजिक इत्यादि के साथ-साथ वन भोज का भी लुत्फ उठाया। प्राचार्य आशुतोष झा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे आस-पास के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हीं हमारे खुशहाल जीवन का आधार है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अमित चौबे, मोहम्मद मुनव्वर, शिक्षिका रीना तिवारी, श्रेया तिवारी, परी मिश्रा, सपना गुप्ता, सीमा सिंह, सोनाली कश्यप, आयूषी सोनी सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

### सड़क किनारे गड्ढे में गिरे बाइक सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी कला निवासी आकाश पैकरा आ. महेश पैकरा (17 वर्ष) 6 जनवरी को फूफा बालसाय के साथ बाइक से मेला देखने कुसमी आए थे। शाम को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम कोदवा के समीप पहुंचे तभी रास्ते में कुत्ता के आ जाने पर अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। दुर्घटना में आकाश पैकरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने आकाश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

## एनएचएम से मिली थी एक करोड़ की स्वीकृति

# राशि स्वीकृत होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ अर्बन चौपाटी का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच स्थित चौपाटी को विकसित कर इसका स्वरुप बदलने का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। एनएचएम से एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत होने के बाद भी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है और अभी भी अधिकारी इस कार्य में लम्बा समय लगने की बात कह रहे है। बड़ी बात यह है कि जब सौंदर्यीकरण की कमी के कारण शहर को स्वच्छता के मामले में अपनी रैंकिंग गवानी पड़ी ऐसे में यह चौपाटी स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतियोगिता में भी एक अहम भूमिका निभा सकता था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी इस कार्य को लेकर विशेष रूचि नहीं दिखा रहे है। बता दें कि शहर का एक मात्र चौपाटी स्थित है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते है लेकिन वर्षों पहले स्थापित किए गए इस चौपाटी में अनेकों अव्यवस्थाएं है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चौपाटी के अंदर दुकानें अव्यवस्थित है, चारों तरफ गन्दगी है और पार्किंग की व्यवस्था भी सही नहीं है। ऐसे में आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। वहीं चौपाटी के बाहर लगने वाले ठेले गुमटियों के कारण भी यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। ऐसे में महापौर डॉ. अजय तिर्की के प्रयासों की बदौलत इसे अर्बन चौपाटी को विकसित करने के लिए एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस राशि से शहर में मौजूद चौपाटी को आधुनिक बनाना है। ननि द्वारा 100.03 लाख रुपए की लागत से प्रोजेक्ट ननि के आर्किटेक्ट मनोज पाठक के माध्यम से बनाकर भेजा गया था लेकिन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के दौरान ही आचार संहिता लागू हो गई और अब प्रदेश में सत्ता का परिवर्तन हो चुका है लेकिन इन सब के बीच इस तरह के प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारी कोई खास रुचि लेते नजर नहीं आ रहे है जबकि हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम घोषित किए गए और इस परिणाम में सौंदर्यीकरण के कार्यो की कमी के कारण शहर को 5 स्टार से 3 स्टार रेटिंग की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया गया है। रेटिंग में आई कमी के का असर स्वच्छता सर्वेक्षण पर भी पड़ा और देश में शहर की रैंकिंग 27वे नंबर पर पहुंच गई लेकिन यदि इन सुविधाओं को विकसित किया जाए तो सर्टिफिकेशन की श्रेणी में इसका लाभ अवश्य मिल सकता था।

**खास बात**

- नए स्वरुप में तैयार करने की थी योजना



चौपाटी।

### इन कार्यों को किया गया था शामिल

अर्बन चौपाटी का स्वरुप बदलने के लिए चौपाटी के सामने का एलिवेशन, पाथवे, सेंट्रल सिटिंग, डाइनिंग एरिया, साइन एज बोर्ड, ड्रेनेज सहित अन्य कार्यों को शामिल किया गया। नगर निगम द्वारा चौपाटी के सामने के हिस्से को परिवर्तित किया जाएगा इसके साथ ही अव्यवथित गुमटियों की जगह एक जैसी गुमटियां लगाई जाएंगी। लोगों के बैठने के लिए व्यवस्थित सिटिंग एरिया होगा जिसमें केनोपी के साथ डाइनिंग व्यवस्था होगी। चौपाटी में साइन एज बोर्ड लगाए जाएंगे और विद्युतीकरण किया जाएगा। चौपाटी के अंदर लोगों के आवागमन के लिए पाथवे का निर्माण किया जाएगा इसके साथ ही पार्किंग की व्यवस्था होगी। इन व्यवस्थाओं की बदौलत लोगों को आकर्षक व बेहतर चौपाटी मिल सकेगी।

#### शौचालय व पेयजल की व्यवस्था

चौपाटी एक ऐसा स्थान है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते है। चौपाटी में लोगों के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा। ड्रेनेज के माध्यम से गंदे पानी का निस्तार करने के साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन के लिए यंत्र की स्थापना की जाएगी। वहीं नगर निगम द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। इस तरह ननि द्वारा एक मॉडर्न चौपाटी का निर्माण किया जाएगा ताकि लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर व्यंजन का लुत्फ उठा सके।

#### जल्द कराया जाएगा टेंडर

शहर में विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है। कार्यों की समीक्षा की जाएगी और जल्द ही चौपाटी के सौंदर्यीकरण के टेंडर की प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाएगा। टेंडर पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



## अंगना मा शिक्षा अभियान के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रारंभिक बाल अवस्था में बच्चों की उचित देखभाल पोषण और सर्वांगीण विकास महत्वपूर्ण है। इस -आयुवर्ग के बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास तेज गति से होता है। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त अवसर और प्रोत्साहन का माहौल मिलना आवश्यक है।शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी ,जिला मिशन समन्वयक व विभाग के अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में अंगना मा शिक्षा भानु प्रताप चन्द्रा करव 4.0 कार्यक्रम का प्रशिक्षण व प्रभावी क्रियान्वयन हेतु खंड स्तर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत 11जनवरी को प्रातः 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण की शुरुआत अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर धूप व दीप प्रज्जवलित कर की गई। कन्या शाला के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य ने शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर अपनी बातें रखी।मास्टर ट्रेनर के द्वारा विद्यालय के साथ साथ बच्चों को स्थानीय स्तर पर उनके घरों में पर्याप्त अवसर और प्रोत्साहन का माहौल व माताओं का सहयोग कैसे लिया जाए जैसे आवश्यक पहलुओं पर बिंदुवार गतिविधियां कराई गई।बच्चो में भाषाई व गणितीय कौशल विकास हेतु भी गतिविधियां कराई गई।बताया गया कि आगामी गतिविधि जनवरी फरवरी व मार्च में शिक्षक,माता ,बच्चे व एएमसी सदस्यो की उपस्थिति में होगी।साथ ही आगामी 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले पढ़ाई तिहार मेला पर चर्चा की गई।प्रशिक्षण में विकास खंड के कुल 47 संकुल से दो दो मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया।

### शिक्षकों को दिया गया अंगना मां शिक्षा का प्रशिक्षण



**लखनपुर।** कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के शैक्षणिक स्तर के विकास हेतु अंगना म शिक्षा के तहत शनिवार को संकुल केन्द्र गुमगरा कला में गुमगरा कला, गुमगरा खुर्द एवं गणेशपुर स्क्ल के शिक्षकों को अंगना मां शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियां जैसे संतुलन बनाना, कूदना, जोड़ी मिलना, रंग पहचानना, क्रम लगाना, चित्रवाच, पाठन व लेखन अभ्यास, आकार बनाना, गिनती, अंक पहचान, जोड़-घटाव के आधार पर बच्चों के स्तर का मूल्यांकन किया गया। सीएस विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चों की प्रथम गुरू उनकी मां होती है अगर माताएं बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग होकर आगे आए तो बच्चों में शिक्षा का स्तर काफी ऊपर उठ सकता है। बीईओ प्रदीप राय, एबीइओ मनोज तिवारी, बीआरसी दीपेश पाण्डेय, संकुल प्रभारी श्यामलाल महंत, विनोद कुमार गुप्ता, मास्टर ट्रेनर विजयलक्ष्मी, श्रीमती शशिकला, श्रीमती किरण बाला पैकरा आदि उपस्थित थे।

## दिवंगत छात्रा की याद में परिजन ने विद्यालय में लगवाया प्यूरीफायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में दिवंगत छात्रा सुश्री प्रियंका राजवाड़े पूर्व प्रधानमंत्री बाल कैबिनेट माध्यमिक शाला रुनियाडीह की याद में उसके पिता धर्मजीत राजवाड़े पूर्व एसएमसी अध्यक्ष द्वारा अध्यनरत बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से आरओ वाटर फिल्टर प्रदान किया। इसे प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा फीता काटकर लोकार्पित किया गया। ज्ञात हो कि दिवंगत छात्रा सुश्री प्रियंका राजवाड़े संस्था की पूर्व प्रधानमंत्री रहने के दौरान बाल कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड संस्था में लागू करवाने की दिशा में कार्य किया था। कार्यक्रम मे प्रेमनगर विधायक के साथ श्रीमती गीता जायसवाल जिला पंचायत सदस्य, लीलू गुप्ता, सत्यनारायण जायसवाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बाबूलाल राजवाड़े, राजेश यादव, श्रीमती श्यामा पांडेय, श्रीमती मोहनी झा, दुर्गा यादव , डॉक्टर श्रीवास्तव, बाबूलाल यादव, दिनेश यादव, नंदू राजवाड़े, सुषमा बखला संकुल प्रभारी रामनगर, विजेंद्र लाल जायसवाल जन शिक्षक, बोधन राजवाड़े उपस्थित रहे।



स्वागत उद्बोधन में संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बस्तामुक्त विद्यालय में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी द्वारा विद्यालयीन गतिविधियों की प्रशंसा कर अन्य विद्यालयों हेतु इसे अनुकरणीय बताया तथा उपस्थित बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा शिक्षकों द्वारा बताए रास्ते पर चलकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। शालेय खेलकूद अन्तर्गत कबड्डी स्टेट प्रतियोगिता में संस्था मे अध्यनरत छात्र-छात्रा मयूरी राजवाड़े, अंजू राजवाड़े, नीता, सुमित्रा, अनीता, रीता सिंह, गायत्री सिंह व केशवनंद को सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करने पर स्टेट प्रतियोगिता की प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करने की खातिर संस्था की बालक कबड्डी टीम को 12 नग खेल गणवेश सत्यनारायण जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया, किसान बाबूलाल यादव द्वारा गरीब तबके के 10 बच्चों को जूता-मोजा देने की घोषणा की गई। उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा माध्यमिक शाला रुनियाडीह में एक अंग्रेजी एवं एक विज्ञान विषय शिक्षक उपलब्ध कराने, शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए साइकिल स्टैंड मे शेड तथा बच्चों द्वारा स्कूल में एक नग स्मार्ट क्लास व कबड्डी खेल हेतु मैट उपलब्ध कराने की मांग की गई जिसे विधायक द्वारा जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान विद्यालय के।शिक्षक स्थानीय ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

### हार जीत का दांव लगा रहे 10 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**सूरजपुर।** ग्राम सिरसी सरना पारा में अलग-अलग स्थानों में हार जीत का दांव लगा रहे 10 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 8050 रूपए जब्त कर सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गुरूवार को क्षेत्र में गश्त रहे रहे चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिरसी सरनापारा में बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र होकर हारजीत का दांव लगा रहें है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर दबिश देकर अलग-अलग फड़ में जुआ खेल रहे ग्राम दतिमा निवासी इम्तियाज खान, ग्राम कोयलारी के देवशंकर दुबे, ग्राम सिरसी के समीर अली, दिनेश रजक, मोहन राम राजवाड़े, तनवीर आलम, राही खान, असगर हुसैन, दिनेश कुशवाहा व डिगलेश्वर राजवाड़े को पकड़ा। पुलिस ने दोनो फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 8 हजार 50 रूपये जब्त किया। पुलिस ने सभी 10 जुआरियों के विरूद्ध धारा 3 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### साइकिल से गिरा बालक, मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम जमगला निवासी मानस आ. आन्नत राम केवट (6 वर्ष) गत दिन चचेरा भाई के साथ साइकिल से दरिमा क्षेत्र स्थित ग्राम सलका निवासी मामा मनु के यहां कथा में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बालक साइकिल से नियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए जिससे मानस गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल मानस को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## कड़कड़ाती ठण्ड व कोहरे के बीच साध संगत ने निकाली प्रभात फेरियां



**बिश्रामपुर।** सिक्ख समाज द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 10 जनवरी से रोजाना पांच दिन तक प्रभात फेरियाँ निकाली गई जिसका समापन आज रविवार की सुबह हुआ, इस दौरान समूह साध संगत द्वारा कड़कड़ाती ठण्ड व कोहरे के बीच रोजाना गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से सुबह तड़के प्रारम्भ कर खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के गुरुबाणी रूपी शबद कीर्तन करते हुए सिक्ख सेवादारों के निवास जाकर अरदास की गई, इसमें कुल पांच प्रभात फेरियाँ संपन्न हुई जिसमें ज्ञानी करनैल सिंह, मंजीत सिंह मेहरा, सुविंदर सिंह व परमजीत सिंह, सतपाल सिंह व प्रबंधन कमेटी द्वारा अरदास कराकर समूह साध संगत को प्रसाद वितरण की सेवा की गई, प्रभात फेरी की सेवा में परमजीत सिंह, गुरदीप माखीजा, निंदर सिंह, मनप्रीत सोहल, प्रिंस ढिल्लों, सुविंदर सिंह, रसपाल सिंह उपस्थित रहे।

- खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का मनाया जाना है प्रकाश उत्सव

**आज निकाली जाएगी शोभायात्रा, गतका ग्रुप करेंगे शस्त्र विद्या कला का प्रदर्शन-** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव से दो दिन पूर्व सिक्ख समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसके लिए प्रबंधन कमेटी द्वारा विशेष आयोजन की तैयारी की गई है, इस आयोजन हेतु पंजाब प्रांत के गुरदासपुर से खालसा गतका ग्रुप द्वारा विशेष प्रकार की शस्त्र विद्या कला का प्रदर्शन किया जायेगा, उक्ताशय की जानकारी प्रबंधन कमेटी के कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह जूनियर ने दी है।

### केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लाभ उठाए : पोर्ते

**सोनगरा।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ वर्तमान राज्य सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने का सुझाव ग्रामीणों को दिया।



उन्होंने आगे कहा कि आपने मुझे विधायक बनाया है तो मैं भी आपके विश्वास में खरा उतरने का प्रयास करूंगी। साथ ही कहा की आपकी सरकार आपके द्वारा आई है। जिस विभाग से जरूरत हो आप अपनी आवश्यकता अनुरूप लाभ उठा सकते हैं। जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद द्विवेदी व मंडल महामंत्री समय लाल मिश्रा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, शरद चंद्र द्विवेदी, समय लाल मिश्रा, विकेश जायसवाल, दीपक मिश्रा, नारायण राजवाड़े, मुकेश गुप्ता, विमला राजवाड़े, किरण गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, गोपाल शरण सिंह, राहुल तिवारी, राकेश गुप्ता, मीना श्रीवास्तव, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, रामदेव रजक, नायब तहसीलदार तेजू यादव, सरपंच कुंती सिंह, सचिव मोनू गुप्ता, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. मीना राजवाड़े, आरइओ अभिषेक सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




## पेज 3 के शेष...

### पांच सालों में नहीं...

गुजरने के बावजूद भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका है। लोनिवि के अधिकारियों का कहना है कि अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए कोविड काल से विवि से लगातार राशि की मांग की जा रही हैं। लम्बे इंतजार के बावजूद जब राशि नहीं मिली तो ठकेदारों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया। विभाग ने विवि प्रबंधन को संशोधित डीपीआर प्रस्तुत कर अतिरिक्त राशि की मांग की है। इधर एसजीजीयू के अधिकारियों का कहना है शासन की मांग के अनुरूप लोनिवि द्वारा समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करने के कारण शासन से भवन निर्माण के लिए राशि जारी नहीं की गई है। अब नियमानुसार इसके लिए आवश्यक पहल की जाएगी। ऐसे में शासन कब तक राशि उपलब्ध करा पाएगा इसका कोई भरोसा नहीं है।

## कलश यात्रा के साथ 13 गांव में अक्षत का किया गया वितरण

**रनहत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल रनहत के संयोजक शैलेश कुमार जायसवाल एवं विकास जायसवाल के नेतृत्व में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत अयोध्या से अक्षत कलश आया जिसे मंडल अंतर्गत 13 गांव में वितरण करना था। इस कार्यक्रम में 13 ग्राम के लोगों के साथ कलश यात्रा निकाल कर भगवान राम की जय घोष के साथ शिव मंदिर में प्रथम निमंत्रण देते हुए दुर्गा मंडप में आमंत्रित कर अक्षत निमंत्रण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सदानंद जायसवाल, हरिकेश गुप्ता, आशीष जायसवाल, पवन सोनी, राजेंद्र गुप्ता, रितेश तिवारी, अजय गुप्ता, लुर्गी, सुनैना गुप्ता, अनीता जायसवाल, बिहारी गुप्ता, अजय मिश्रा, पूजा सोनी, संगीता जायसवाल, आरती सोनी, सविता सोनी, पार्वती जायसवाल, मोहर लाल जायसवाल, देवनंदन काशी, संतोष यादव, सुनील रजक, शिवपूजन जायसवाल, दीपक जायसवाल, विक्की गुप्ता, सूरज सोनी, सुनील जायसवाल, चतरगुन यादव, संजय ठाकुर, जितेंद्र सोनी, प्रियांशु जायसवाल, आदर्श गुप्ता, निशु जायसवाल, कालीचरण सिंह, रामभरोस, मुखलाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।









